**खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य आवास, स्टाफ आवास और गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 18.07.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 15.10.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. श्री **अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. श्री **उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. श्री **अमित कुमार,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. श्री **राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. श्री **तपेश्वर प्र0 साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
6. श्री **रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-** खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य आवास, स्टाफ आवास और गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य।

**2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** :- ₹5,99,89,440.00
(समाज कल्याण विभाग का पत्रांक-02, दिनांक, 16.01.2015)

**3.पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि** :- ₹4,98,04,000.00

**4.परिमाण विपत्र की राशि:-** ₹4,50,26,373.00

**5.निविदा प्राप्ति की तिथि:-** 18.07.2018

**6.निविदा खोलने की तिथि:-** 20.07.2018

**7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

**8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** दैनिक भास्कर दैनिक जागरण, दिनांक 26.06.18

**9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** 4132 (Ni.Ni) 2018-19

**10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-**

खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य आवास, स्टाफ आवास और गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-पुनर्निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र "दैनिक जागरण एवं दैनिक भास्कर" में दिनांक 26.06.2018 को पटना संस्करण में हुई थी, जिसका पी0आर0 सं0-4132(नि0नि0) 2018-19 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹5,99,89,440.00, पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि ₹4,98,04,000.00 एवं अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹4,50,26,373.00 मात्र हैं।

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति:- इस कार्य हेतु दिनांक 11.02.2015 को निविदा प्राप्त की गई थी जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था, जिसका पी0आर0 संख्या-11569 नि0नि0-2014-2015 है। इस निविदा में सफल निविदादाता मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय को मुख्य महाप्रबंधक के पत्रांक 769(अनु0) दिनांक 24.02.2015 द्वारा कार्यावंटन किया गया था। जिसके आलोक में मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय द्वारा दिनांक 02.05.2015 को एकरारनामा सं0-01SBD/2015-16 किया गया जिसकी कार्यावधि 12 माह थी। परन्तु कार्यावधि समाप्त होने के उपरांत भी उपयुक्त आकार का स्थल उपलब्ध नही हुआ। फलस्वरुप एक मंजिला भवन के स्थान पर दो मंजिला भवन का नक्शा अनुमोदित किया गया। Scope of Work भिन्न होने के कारण दिनांक 20.01.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 25.01.2018 को आहूत बैठक में उक्त एकरारनामा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीयवार आमंत्रित निविदा:- इस कार्य हेतु दिनांक 21.03.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-14275 नि0नि0-2017-2018 है, जिसमें एकमात्र निविदादाता मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय सफल हुए थे। योजना का स्वरुप (Scope of Work) भिन्न होने के कारण तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा को प्रथमवार निविदा मानते हुए वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पूनर्निविदा करने की अनुशंसा की गयी थी। अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति की दिनांक 15.06.2018 को आहूत बैठक में पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

तृतीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-

विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक 24.09.2018 को आहूत तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक के अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 28.09.2018 की बैठक में इस निविदा में भाग लेने वाले तीनों निविदादाताओं में से दो निविदादाता ''उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार'' एवं ''मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय'' को सफल घोषित किया गया था तथा अन्य एक निविदादाता ''मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0-बभनगामा, जिला-बेगुसराय'' को असफल घोषित किया गया था एवं दिनांक 05.10.2018 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक इससे संबंधित आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। जिसके आलोक में निविदादाता ''मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय'' से दिनांक 04.10.2018 को परिवाद प्राप्त हुआ, जिसमें इनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि संवेदक उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, का पी0आई0यू0, पटना में एक कार्य (पटना स्मार्ट सिटी) लम्बित है। परन्तु उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना के पत्रांक, 1035 दिनांक 05.10.2018 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि विस्कोमान भवन पटना में पॉचवे तल पर पटना स्मार्ट सिटी का कार्यालय का सुसज्जीकरण का कार्य जिसका एकरारनामा सं0 21F2/2017-18 है, के विरुद्ध प्रशासी विभाग के निदेशानुसार ₹50,00,000.00 (रुपये पच्चास लाख) रुपये मात्र का आवश्यक कार्य उपलब्ध आवंटन के अंतर्गत पूर्ण कराकर प्रशासी विभाग को हस्तांतरित करा दिया गया है।

अतएव, उपरोक्त तथ्यों पर समिति सर्वसम्मति द्वारा इनके परिवाद/आपत्ती को अमान्य करते हुए पूर्व की अनुशंसा को बरकरार रखते हुए निविदादाता ''उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर'' का भी वित्तीय बीड खोलने की अनुशंसा की गयी है।

12. निगम निविदा समिति का निर्णय:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 09.10.2018 की बैठक की कार्यवाही (संलग्न) के आलोक में दोनों सफल निविदादाताओं ''उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर'' एवं मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय का वित्तीय बीड खोलकर निविदा निष्पादन हेतु मुख्य महाप्रबंधक उपर्युक्त तथ्यों एवं निविदा संबंधी दस्तावेज अग्रत्तर कार्रवाई हेतु निगम निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

15.10.18

(रंजित प्र0 सिह)
महाप्रबंधक (दक्षिण)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

Tapeshwar 15.10.18.

(तपेश्वर प्र0 साह)
महाप्रबंधक (वित्त)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

15/X/18

(राकेश कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

15/X/18

(अमित कुमार)
संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

(उपेन्द्र नारायण)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

15/X/18

(अमित कुमार)
प्रबंध निदेशक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।